भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या : *165**

उत्तर देने की तारीख : 14.12.2023

**हज तीर्थयात्रा के संबंध में विकास कार्यकलाप**

***165. श्री घनश्याम सिंह लोधी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2023 के दौरान हज तीर्थयात्रा हेतु आरंभ किए प्रमुख विकास कार्यक्रम क्या हैं; और

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान इस सम्बन्ध में हासिल विशिष्ट उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**'हज तीर्थयात्रा के संबंध में विकास कार्यकलाप' के संबंध में श्री घनश्याम सिंह लोधी द्वारा दिनांक 14.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *165 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): भारत सरकार भारतीय हज यात्रियों के लिए हज अनुभव में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, हज-2023 के दौरान विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत के आधार पर कई सुधार हुए। हज-2023 के दौरान किए गए सुधारों में अन्य बातों के साथ-साथ, सरकार के लिए विवेकाधीन वीआईपी कोटा को समाप्त करना; 2022 में 10 आरोहण स्थलों से बढ़ाकर 2023 में 20 करना; मेहरम के बिना महिलाओं की श्रेणी (LWM) के तहत एकल महिला को बिना समूह के आवेदन करने की अनुमति; भारत में तीर्थयात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग और टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoH&FW) और इसकी एजेंसियों की सीधी भागीदारी; और हज अवधि के दौरान सऊदी अरब में अस्पतालों/डिस्पेंसरियों सहित गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा बुनियादी ढांचे की स्थापना; महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए हज नीति में विशेष प्रावधान करके हज को समावेशी बनाना; सीएपीएफ से प्रशासनिक प्रतिनियुक्तिकर्ताओं का चयन (जिससे सऊदी अरब में तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर प्रबंध कुशलता और सहायता सुनिश्चित की जा सके); प्रत्येक राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात करना; पिछले वर्षों की तरह एक निश्चित राशि की विदेशी मुद्रा की खरीद को अनिवार्य करने के बजाय तीर्थयात्रियों की वास्तविक जरूरतों के अनुसार प्रतिस्पर्धी दरों पर एसबीआई के माध्यम से विदेशी मुद्रा की उपलब्धता का प्रावधान करना; भारतीय हज समिति (HCoI) के तीर्थयात्रियों के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क को समाप्त करना; गैर-आवश्यक घटकों को हटाकर भारतीय हज समिति के हज पैकेज की लागत में कटौती करना; भारतीय हज समिति द्वारा प्रति तीर्थयात्री ली जाने वाली बीमा लागत कम करना, हज समूह आयोजकों (HGO) के लिए कराधान कानूनों को सख्ती से लागू करना, जिससे सभी हितधारकों द्वारा बेहतर कर अनुपालन सुनिश्चित की जा सके; एयर चार्टर की बोली की प्रक्रिया को और अधिक व्यापक और समावेशी बनाकर इसमें सुधार करना और भारतीय हज समिति और हज समूह आयोजकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए प्रतिपुष्टि पोर्टल का विकास करना, जिसमें 25000 से अधिक तीर्थयात्रियों की प्रतिपुष्टि प्राप्त हुई, शामिल हैं।

भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इन सुधारों से भारतीय हज यात्रियों के समग्र हज अनुभव में गुणात्मक सुधार आया है। हज-2023 की विशिष्ट उपलब्धियों में शामिल हैं:-

i. पहली बार, एकल महिला को बिना समूह के एलडब्ल्यूएम श्रेणी के तहत हज के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। परिणामस्वरूप, 4000 से अधिक महिलाओं ने हज-2023 में एलडब्ल्यूएम श्रेणी के तहत सफलतापूर्वक आवेदन किया, जो अब तक का उच्चतम आंकड़ा है।
ii. हज-2023 का संचालन बिना किसी प्रतिकूल घटना के सुचारू रूप से संपन्न हुआ।
iii. भारतीय हज समिति (HCoI) के माध्यम से यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए, जेद्दा और मदीना के हवाई अड्डों पर स्वागत की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी, मक्का और मदीना में

गुणवत्ता पूर्ण आरामदायक आवास की व्यवस्था की गई थी और सउदी अरब के भीतर सुविधाजनक और आरामदायक यातायात की व्यवस्था की गई थी।

iv. भारतीय तीर्थयात्रियों के आरामदायक प्रवास के लिए मक्का में बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित कुल 477 इमारतें किराए पर ली गईं।

v. तीर्थयात्रा संचालन में सूचना प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया था जिसमें MOH&FW के ई-हेल्थ जैसे पोर्टल शामिल थे, जिनका उपयोग हज अवधि के दौरान चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने वाले सभी भारतीय तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य डेटाबेस को तैयार करने और उसके रख-रखाव के लिए प्रभावी ढंग से किया गया था।

vi. हज-2023 के लिए, भारत सरकार HCoI के माध्यम से यात्रा पर जाने वाले लगभग 65% तीर्थयात्रियों के लिए मदीना के मरकज़िया क्षेत्र में आवास प्राप्त करने में सफल रही, जो कि एक रिकॉर्ड है।

vii. हज-2023 के दौरान इस मंत्रालय द्वारा विकसित प्रतिपुष्टि पोर्टल पर 25000 से अधिक तीर्थयात्रियों से प्रतिपुष्टियां प्राप्त हुई हैं, जो आगामी वर्षों में सुविधाओं और सेवाओं को बेहतर करने के लिए बहुमूल्य सुझाव और इनपुट प्रदान करती हैं।

viii. हज समूह आयोजक (HGO) नीति और एचजीओ के लिए जीएसटी कानूनों के सख्त कार्यान्वयन से बेहतर अनुपालन हुआ है जिससे हज यात्रियों के लिए सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। मंत्रालय के प्रतिपुष्टि पोर्टल पर प्राप्त प्रतिपुष्टि के अनुसार, एचजीओ सेवाओं को 5 में से लगभग 4.70 की रेटिंग मिली है, जिसमें 5 उच्चतम है।

ix. एचजीओ द्वारा बेहतर कर अनुपालन के कारण सरकारी खजाने को 200 करोड़ रुपये से अधिक का कर राजस्व प्राप्त हुआ है।

*****